हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

11 गांधी के सत्य-अहिंसा और शास्त्री के ईमानदार...



12 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के साथ स्वच्छता ही...



खबर संक्षेप

भाजयुमो महामंत्री चौबे ने मंत्री राजेश को दिया मांगपत्र



मैनपुर। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा गरियाबंद जिला महामंत्री नंदकिशोर चौबे ने आज रायपुर पहुंचकर छत्तीसगढ़ सरकार के पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मंत्री राजेश अग्रवाल को ज्ञापन सौपकर शीतला मंदिर मैनपुर, हनुमान मंदिर मैनपुर, प्राचीन शिवमंदिर मैनपुर, शिवमंदिर छोटेगोबरा, शीतला मंदिर एवं हनुमान मंदिर तुहामेटा के जीर्णोद्वार के राशि स्वीकृत करने की मांग की। क्षेत्र के कई समस्याओ से अवगत कराया। मंत्री श्री अग्रवाल ने जल्द ही सभी मांगों को पूरा करने की बात कही है।

सीधा संवाद और त्वरित समाधान ही सच्चे जनप्रतिनिधित्व की पहचान

राजिम। राजिम विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से लंबित विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए विधायक रोहित साहू लगातार प्रयासरत हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा ने कहा कि विधायक श्री साहू की कार्यशैली में केवल स्वीकृतियां दिलाना ही नहीं, बल्कि आम जनता से आत्मीय



जुड़ाव, लगातार संवाद और मौके पर ही समस्याओं का समाधान करना शामिल है। क्षेत्रवासी जिन मूलभूत सुविधाओं और सड़कों की मांग वर्षों से कर रहे थे, वे अब मूर्त रूप ले रही हैं। राजनीतिक विरोध पर बोलते हुए प्रीतम सिन्हा ने कहा कि विचारों में मतभेद लोकतंत्र का सहज हिस्सा है, लेकिन विकास के मुद्दों पर जनता को भ्रमित करना अनुचित है। यदि किसी कार्य की गुणवत्ता या प्रक्रिया पर कोई वास्तविक आपत्ति है, तो उसे साक्ष्यों के साथ संबंधित विभाग के समक्ष रखना चाहिए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि कुछ लोग राजनीतिक मंशा से भ्रम फैलाकर विकास की गति को धीमा करने का प्रयास कर रहे हैं। जनता किसी भी दावे पर विश्वास करने से पूर्व वास्तविक तथ्यों की जांच अवश्य करे। विधायक का सतत जनसंपर्क साबित करता है कि जनता की सुनना और समाधान करना ही जनप्रतिनिधित्व की असली भावना है। उन्होंने नागरिकों से विकास में रचनात्मक भागीदारी निभाने की अपील की।

बाढ़ पीड़ितों को दी जाएगी हरसंभव मददः नपा अध्यक्ष

नवापारा-राजिम। पालिकाध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अभी हाल ही में आई बाढ़ प्राकृतिक आपदा है। महानदी के बाढ़ से सैकड़ों परिवार प्रभावित हुआ। जिनके सुरक्षा के लिए प्रशासन एवं



पालिका की टीम ने मुस्तैदी से कार्य किया। प्रशासन ने महानदी में पानी छोड़े जाने की सूचना मुनादी के माध्यम से कराया था। निचली बस्ती के कई घरों को खाली करने में पालिका अमला एवं प्रशासन द्वारा सहयोग किया गया। उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुँचाने एवं उनके लिए राशन-भोजन का इंतजाम प्रशासन, नगर पालिका एवं समाजसेवी संस्थाओं ने किया। रात के समय नदी में बढ़ते जलस्तर पर प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ पालिका के जनप्रतिनिधि एवं अमला बराबर नजर रखे हुए थे। बाढ़ में फंसे कई लोगों को एनडीआरएफ की टीम के सहयोग से सफल रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थलों में पहुंचाया गया। प्रभावित परिवारों से मिलने मंत्री टंकराम ▶▶| शेष पेज 10 पर

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के कार्यों व विचारों को किया याद

विधायक जनक ध्रुव ने कहा- आदर्शों को करें आत्मसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के तत्वावधान में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेसजनों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान और विचारों को स्मरण किया। कार्यक्रम में बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों और देश के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। विधायक ध्रुव ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के माध्यम से समाज को नई दिशा दी, वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा की मिसाल कायम की।

- गांधी-शास्त्री जयंती पर कांग्रेस ने किया नमन





ये रहे उपस्थित- इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित मिरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम सोनवानी, जिला महामंत्री डिलेश्वर देवांगन, कृष्ण कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष रमेश मेश्राम, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सविता गिरी, पार्षद संदीप सरकार, शीला तांडी, पूर्व ▶▶| शेष पेज 10 पर

दहशत : मैनपुर वन परिक्षेत्र के ग्रामों मे फिर हाथियों की धमक

हाथियों का दल धान और मक्का की फसलों को पहुंचा रहा भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद वनमंडल के वन परिक्षेत्र मैनपुर अंतर्गत ग्राम डडईपानी, खोलापारा, बुड़ार, जिड़ार, सिंहार, छिन्दौला, धोबीपारा, रामपारा, गिरहोला, चलकीपारा, लुठापारा, कोयलीबेड़ा, फरसरा, दबनई एवं बोड़ापाला ग्रामो के आसपास फिर एक बार जंगली हाथियो के धमक से किसानों और ग्रामीणो मे भारी दहशत देखने को मिल रही है। किसान अपने खेतों में फसल की रखवाली के लिए भी नहीं जा पा रहे है। और तो और शाम होते ही हाथियो का दल सीधे गांव की तरफ रूख कर रहा है। धान, दलहन तिलहन, मक्का की फसलों को चौपट कर रहा है। पिछले चार दिनों से मैनपुर के जंगलों और रिहाइशी इलाकों में जंगली हाथियों के एक दल ने डेरा डाल रखा है। हाथियों के इस दल द्वारा लगातार एक दर्जन से अधिक गांवों में जमकर उत्पात मचाया जा रहा है, जिससे समूचे क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाथियों का यह दल रात होते ही खेतों और गांव के करीब पहुंच जाता है पिछले चार दिनों में हाथियों ने किसानों की कई एकड़ में फैली धान, मक्का, दलहन और तिलहन की फसलों को रौंदकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। कड़ी मेहनत से तैयार की गई फसलों के तबाह होने से स्थानीय किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

- किसानों व ग्रामीणों में भारी दहशत, फसल की नहीं कर पा रहे रखवाली



खदेड़ने का प्रयास जारी : वन अधिकारी

वन अधिकारी का कहना है कि हाथियों को सुरक्षित तरीके से जनहानि वाले इलाकों से दूर जंगल की ओर खदेड़ने के प्रयास जारी हैं इसके साथ ही प्रभावित किसानों के फसलों के नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। हाथियों पर निगरानी रखने के लिए वन विभाग के डिप्टी रेंजर अघन सोरी, हाथी मित्र दल के सदस्य नवीन पटेल, सशवंत ठाकुर, मुकेश यादव, हरक नेताम, जानलाल एवं वन विभाग का अमला लगातार जंगल मे डटे हुए है।

ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर

-हाथियों की मौजूदगी से प्रभावित गांवों के लोग खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं। शाम ढलते ही लोग अपने घरों में कैद हो जाते हैं। वहीं किसान अपनी बची-कुची फसलों और जान-माल की सुरक्षा के लिए रात-रात भर जागकर चौकसी कर रहे हैं।

वन कर्मी और हाथी मित्र दल तैनात- वन विभाग मैनपुर के एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद सोरी ने बताया क्षेत्र में हाथियों के दो दल कक्ष क्रमांक 892 बीट में 28 सितम्बर को पहुंचे हैं। सिकासार दल के नाम से इस दल में 32 हाथी हैं। वन विभाग द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग का अमला और हाथी मित्र दल के सदस्य लगातार क्षेत्र में मुस्तैद हैं। टीम द्वारा हाथियों की पल-पल की मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है । ग्रामीणों को सुरक्षा के लिहाज से जंगल की ओर न जाने, रात में अकेले बाहर न निकलने और हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की लगातार मुनादी व हिदायत दी जा रही है।

महानदी किनारे फिर मिली दो लाशें, झाड़ियों में फंसे थे शव

एक पुरुष व एक महिला, शिनाख्त में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

महानदी किनारे एक बार फिर दो शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों शव नदी के तेज बहाव में बहकर किनारे की झाड़ियों में फंसे मिले। ग्रामीणों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मामला आरंग थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार आरंग क्षेत्र के ग्राम चिखली में ग्रामीणों ने महानदी किनारे झाड़ियों में फंसे शव देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर आरंग पुलिस की टीम मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, बरामद शवों में से एक महिला का है। दोनों शव काफी गल चुके हैं, जिसके कारण उनकी पहचान करने में परेशानी हो रही है। पुलिस महानदी से लगे तथा हाल में बाढ़ प्रभावित जिलों के थानों से संपर्क कर गुमशुदगी की रिपोर्टों की जानकारी जुटा रही है और शवों की पहचान के लिए उसका मिलान किया जा रहा है। हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण महानदी का जलस्तर बढ़ गया था और आसपास के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी थी। पुलिस प्रथम दृष्टया इस संभावना है कि नदी किनारे दफन



- बाढ़ का पानी उतरने के बाद महानदी के किनारे अब तक चार शव मिले

शव बाढ़ के तेज बहाव में बहकर चिखली तक पहुंचे हों। इसके अलावा दोनों लोगों के बाढ़ के पानी में बह जाने और डूबने से मौत होने की आशंका भी जांच के दायरे में है। वहीं, हत्या के बाद शवों को नदी में बहाए जाने की संभावना से भी पुलिस इनकार नहीं कर रही है।

बहकर आने की संभावना- पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया शवों के नदी के बहाव में बहकर आने की संभावना नजर आ रही है। हालांकि, पुलिस सभी संभावित एंगल से मामले की जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। गौरतलब है कि 29 सितंबर को राजिम क्षेत्र में भी महानदी के अलग-अलग स्थानों पर दो अज्ञात महिलाओं के शव मिलने से हड़कंप ▶▶| शेष पेज 10 पर

बालवाड़ी प्रशिक्षण सह कार्यशाला का विधायक ने किया औचक निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केंद्र फिंगेश्वर में एक दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजन के दौरान राजिम विधायक रोहित साहू द्वारा प्रशिक्षण स्थल का औचक निरीक्षण किया गया । विधायक ने प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा कर बालवाड़ी शिक्षा के उद्देश्यों,बच्चों के सवांर्गीण विकास तथा गतिविधि आधारित शिक्षण के संबंध में जानकारी ली. विधायक रोहित साहू ने कहा कि बालवाड़ी बच्चों की शिक्षा की मजबूत नींव रखने का महत्वपूर्ण चरण है।

इस स्तर पर बच्चों को खेल,गतिविधियों एवं आनंददायी वातावरण के माध्यम से सीखने का अवसर मिलना चाहिए. उन्होंने आगे कहा कि बच्चों की पहली पाठशाला ही उनके भविष्य की दिशा तय करती है। बालवाड़ी में बच्चों को जितना बेहतर वातावरण और सीखने के अवसर मिलेंगे उनके आगे की शिक्षा उतनी ही मजबूत होगी। शिक्षकों एवं पालकों से इस प्रशिक्षण में मिली जानकारी को अपने अध्यापन कक्ष एवं जीवन में उतारते हुए बच्चों के लिए अनुकूल शिक्षण वातावरण तैयार कर शिक्षा प्रदान करने की बात कही । विधायक ने कार्यालय का भ्रमण कर बीआरसी सुभाष शर्मा से संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी तथा सभी कर्मचारियों से परिचय लिया।विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने विधायक का स्वागत करते हुए ▶▶| शेष पेज 10 पर

कोपरा में गांधी प्रतिमा को लेकर विवाद फोटो रखकर मनाई गई गांधी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

नगर के गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को लेकर विवाद गहरा गया है। पुरानी प्रतिमा के क्षतिग्रस्त होने के बाद लगाई गई नई प्रतिमा के स्वरूप को लेकर नगरवासियों ने आपत्ति जताई है। लोगों का कहना है कि नई प्रतिमा महात्मा गांधी की पूर्व में स्थापित प्रतिमा के स्वरूप और चेहरे से मेल नहीं खाती। इसी नाराजगी के चलते 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर प्रतिमा का अनावरण नहीं किया गया। इसके बजाय गांधी जी का छायाचित्र रखकर माल्यार्पण किया गया और जयंती मनाई गई। जानकारी के अनुसार गांधी चौक में स्थापित पुरानी प्रतिमा का निर्माण धीवर समाज कोपरा द्वारा गांधी शताब्दी समारोह के अवसर पर संवत 2026, सन 1969 में कराया गया था। कुछ समय पूर्व नगर पंचायत द्वारा बरगद पेड़ की कटाई-छंटाई का कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान पेड़ की एक बड़ी डाल टूटकर गांधी जी की प्रतिमा पर गिर गई, जिससे प्रतिमा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर टूट गई। इसके बाद नगरवासियों को पुरानी प्रतिमा के स्थान पर उसी स्वरूप की नई प्रतिमा स्थापित किए जाने की उम्मीद थी।हालांकि, नगर पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा नई ▶▶| शेष पेज 10 पर

- नई प्रतिमा के स्वरूप पर नगरवासियों ने जताई आपत्ति
- सर्वमान्य प्रतिमा लगाने की मांग पर दिया गया आश्वासन



विधायक ने कहा- महिलाओं की बचत से आकार ले रहा आस्था का केंद्र

महतारी वंदन योजना के पैसों से कुटेना में महिलाओं ने किया मंदिर का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और सशक्तिकरण का एक बड़ा माध्यम बन चुकी है। इस योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग महिलाएं केवल अपने दैनिक कार्यों तक सीमित न रखकर, समाजहित और रचनात्मक कार्यों में भी कर रही हैं। इसका एक प्रेरणादायक उदाहरण छुरा विकासखंड के ग्राम कुटेना में देखने को मिला है, जहां शिवशक्ति महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि की बचत करके गांव में भव्य मंदिर के निर्माण का बीड़ा उठाया है। महिलाओं की इस धार्मिक व सामाजिक पहल की गूंज पूरे क्षेत्र में है। जब समूह की महिलाओं ने राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू से उनके निवास जाकर इस नेक पहल की जानकारी को साझा किया तो विधायक विधायक रोहित साहू ने महिलाओं के इस जज्बे की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्राम कुटेना की शिवशक्ति महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने यह साबित कर दिया है कि जब नारी शक्ति ठान ले, तो वे व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ समाज और गांव की ▶▶| शेष पेज 10 पर



खराब ट्रांसफार्मरों से 125 एकड़ फसल पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम पंचायत साजापाली के आश्रित ग्राम गुटकुरी में पिछले करीब 15 दिनों से दो ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण किसानों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों ट्रांसफार्मरों से 27 किसानों की करीब 125 एकड़ कृषि भूमि सिंचित होती है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से खेतों में लगी फसल सूखने की स्थिति में पहुंच गई है।

किसानों ने बताया कि दोनों ट्रांसफार्मर मुख्य मार्ग से करीब 500 मीटर अंदर खार में लगे हुए हैं। खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने के लिए मौके तक पहुंचने का उचित रास्ता नहीं होने के कारण विद्युत विभाग के सामने भी परेशानी बनी हुई है। किसानों का कहना है कि उन्होंने कर्ज लेकर खेती की है। ऐसे में समय पर सिंचाई नहीं होने से फसल को नुकसान होने की आशंका बनी हुई है।

- किसानों ने मुख्य मार्ग किनारे नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

समस्या को लेकर किसानों ने कनिष्ठ यंत्री, विद्युत विभाग मड़ेली खड़मा को आवेदन सौंपा है। किसानों ने मांग की है कि खराब ट्रांसफार्मरों के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर मुख्य मार्ग के किनारे लगाया जाए, ताकि विद्युत आपूर्ति जल्द बहाल हो सके और फसल को नुकसान से बचाया जा सके। 25 किसानों ने आवेदन दिया है।

आंबा कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन दीदी का सम्मान, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

सेवा संकल्प अभियान में आंगन मिलन कार्यक्रम , बच्चों का कराया गया अन्नप्रासन

प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी के सेवा कार्यों के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-7, शिक्षक नगर गरियाबंद में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं, बच्चों एवं आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़े हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गरियाबंद श्रीमती मिलेश्वरी साहू उपस्थित रहीं। उनके साथ प्रकाश यादव एवं प्रियंका सोनी भी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ी कार्यकर्ता दीदी, सहायिका दीदी एवं वार्ड की मितानी दीदी के सम्मान के साथ हुई। अतिथियों ने उनके द्वारा बच्चों, महिलाओं एवं परिवारों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। आंगन मिलन कार्यक्रम के दौरान वार्ड की उपस्थित गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पारंपरिक तरीके से कराई गई। वहीं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। इस अवसर पर बच्चों ने गीत एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी, जिससे कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए उनके हाथ धुलाए गए और इसके बाद न्योता भोज कराया गया। बच्चों ने सामूहिक रूप से भोजन किया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं उनके समुचित विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में साधना मिश्रा, ललिता द्विवेदी, मीना साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चित्ररेखा लोतरे, प्रियंका, सरिता सेन, नूतन शंगानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने उपस्थित महिलाओं एवं वार्डवासियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। महिलाओं और बच्चों के लिए संचालित योजनाओं, पोषण, स्वास्थ्य, मातृत्व लाभ एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र हितग्राहियों को आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मिलने वाली सेवाओं का लाभ लेने की अपील की गई।

आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका महत्वपूर्णः मिलेश्वरी



पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मिलेश्वरी साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों को पोषण और प्रारंभिक शिक्षा देने का स्थान नहीं हैं, बल्कि यह महिलाओं और परिवारों को शासन की योजनाओं से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष ध्यान देना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। ऐसे आंगन मिलन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को एक साथ जोड़कर जागरूकता बढ़ाने का कार्य होता है, जो समाज के लिए उपयोगी पहल है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानी दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे लगातार घर-घर तक पहुंचकर महिलाओं एवं बच्चों को आवश्यक सेवाओं और योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रही हैं।

खबर संक्षेप

जनपद मे गांधी जयंती पर चला स्वच्छता अभियान व सबने ने ली स्वच्छता शपथ



फिंगेश्वर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जनपद पंचायत फिंगेश्वर के जनपद परिसर में ''स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026'' अंतर्गत एक दिन एक घंटा,एक साथ,थीम पर सफाई अभियान चलाया गया जिसमे स्टाफ के लोगो ने झाड़ू चलाकर अभियान को गति दी। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई।तत्पश्चात मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज्योति बाला ढालेन द्वारा समस्त अधिकारीध्कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलवाई गई। जनपद परिसर में सामूहिक श्रमदान कर सफाई की गई।इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशाराम कंवर, रेखाराम मोरे,रेवतीरमण साहू,नीरज ठाकुर,शेखर धुरव,ईश्वर यादव, त्रिवेणी पाटिल,मंजू साहू, वीणा मेश्राम,उमाशंकर साहू,खिलेश मंडावी,चेतन कोसरे, योगेश धुरव, बुद्धेश्वर साहू, तिलकराम पारधी सहित समस्त जनपद स्टाफ उपस्थित थे।

पार्षद शांति कोसरेन ने गलियों की सफाई की



फिंगेश्वर। नगर पंचायत के वार्ड 9 की पार्षद श्रीमति शांति कोसरे ने गांधी जयंती के अवसर पर वार्ड में स्वच्छता अभियान के तहत हाथ में झाड़ू पकड़कर वार्ड की गलियों को स्वच्छ किया। इस कार्य में नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मचारी, भाजपा नेत्री भुनेश्वरी साहू सहित अन्य भी शामिल हुए।

शारदीय नवरात्र को लेकर क्षेत्र के देवी मंदिरों में तैयारियां तेज

मैनपुर। शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के सभी प्रमुख देवी मंदिरों और धार्मिक स्थलों में बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। पर्व को भव्य और व्यवस्थित रूप से मनाने के लिए मंदिरों के रंग–रोगन और सफाई का कार्य जोर–शोर से जारी है। दूसरी ओर नगर में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा दुर्गा उत्सव की तैयारियों को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है नगर मे भव्य पूजा पंडालों के निर्माण और आकर्षक विद्युत सजावट का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम भाठीगढ़, कांदाडोंगर, नवागढ़ नवरात्र पर्व की तैयारी को लेकर बैठक का दौर जारी है। यहां नवरात्र की दशमी पर देवदशहरा का आयोजन किया जाता है। दुर्गा मंदिर मैनपुर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया शारदीय नवरात्र 10 अक्टूबर रविवार से प्रारंभ हो रहा है। जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी किया जा रहा है श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर समितियों और उत्सव समितियों के सदस्य व्यवस्था बनाने में जुटे हुए हैं नवरात्रि के पावन अवसर पर मैनपुर क्षेत्र के देवी स्थलों में नौ दिनों तक विशेष पूजा–अर्चना, जवारा स्थापना, और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसे लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बनने लगा है।



आयोजन : गांधी जयंती पर कलेक्टोरेट से जोबा तक 20 किलोमीटर साइकिल रैली हुई आयोजित

सेवा संकल्प अभियान में साइकिल चलाकर दिया गया स्वस्थ और सशक्त भारत का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर आज जिला स्तरीय साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित यह रैली सुबह 7 बजे कलेक्टोरेट परिसर से प्रारंभ होकर ग्राम जोबा तक पहुंची।

■ कलेक्टर सहित अधिकारी-कर्मचारियों और नागरिकों ने उत्साह के साथ निभाई सहभागिता

साइकिल रैली में जिले के विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 20 किलोमीटर लंबी साइकिल रैली में कलेक्टर रणबीर शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर, पंकज डाहिरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करण उइके, एसडीएम हितेश्वरी बाघे सहित जिला स्तरीय अधिकारियों-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ साइकिल चलाकर सहभागिता की। प्रतिभागियों ने पूरे मार्ग में उत्साह एवं खेल भावना के साथ साइकिलिंग करते हुए सेवा संकल्प अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में सहभागिता निभाई।





'सेवा संकल्प' का उद्देश्य जागरूक और सशक्त समाज का निर्माण

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम, सभाएं, गोष्ठियां तथा महाविद्यालय एवं स्कूल स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य लोगों को अभियान के उद्देश्य से जोड़ते हुए समाज को अधिक जागरूक एवं सशक्त बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि भारत को सशक्त बनाने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। स्वस्थ शरीर, जागरूक समाज और जनभागीदारी इस दिशा में महत्वपूर्ण आधार हैं। इसी क्रम में गांधी जयंती पर साइकिल रैली के माध्यम से स्वास्थ्य, फिटनेस, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

ग्राम पंचायत जोबा की सरपंच एकता सोम एवं जनपद सदस्य राकेश कुमार ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किए गए लोकसेवा के कार्यों को उत्सव के रूप में मनाने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए नियमित शारीरिक अभ्यास भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य एवं फिटनेस का संदेश दिया।

वन मार्ग के बीच रोमांच और उत्साह से भरी रही साइकिल यात्रा - कलेक्टोरेट से जोबा तक का मार्ग वन क्षेत्र के बीच से होकर गुजरता है। हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे शांत एवं साइकिलिंग के अनुकूल मार्ग पर प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ साइकिल चलाई। लगभग 20 किलोमीटर की यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने खेल भावना, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता का परिचय दिया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने रैली में शामिल प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि साइकिलिंग स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विश्व स्तर पर आयोजित होने वाली प्रसिद्ध साइकिलिंग प्रतियोगिता 'टूर डी फ्रांस' का उल्लेख करते हुए कहा कि साइकिलिंग को लेकर लोगों में उत्साह और रुचि लगातार बढ़ रही है। गरियाबंद से जोबा तक का प्राकृतिक वातावरण से घिरा मार्ग साइकिलिंग के लिए अनुकूल है और इस मार्ग पर साइकिल चलाना प्रतिभागियों के लिए विशेष अनुभव रहा।

महिला और पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों का हुआ सम्मान - रैली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले महिला एवं पुरुष वर्ग के प्रथम पांच प्रतिभागियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। महिला वर्ग में फॉरेस्ट रेंजर प्रांजलि मिश्रा, एसडीएम हितेश्वरी बाघे, डिप्टी कलेक्टर साक्षी ध्रुव, एआरसीएस महेश्वरी तिवारी एवं अपर कलेक्टर श्रीमती ऋषा ठाकुर को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार पुरुष वर्ग में यूगेश मंडावी, धर्मेंद्र ओझा, स्टेनो हेमलाल साहू, एनआईसी उपनिदेशक नेहरू निराला एवं गजेंद्र ध्रुव को सम्मानित किया गया।

गांधी जयंती पर नगर पंचायत में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026 को नगर पंचायत फिंगेश्वर द्वारा गांधी चौक के पास गांधी जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवकुमार ठाकुर,राजेंद्र धनराज सूर्यवंशी अध्यक्ष नगर पंचायत फिंगेश्वर,ओमप्रकाश बंछोर,हरिशंकर श्रीवास्तव,रमेंद्र सिंह ठाकुर,अनिल चंद्राकर,सुघघरमल आड़े कमलेश यदु,डोमार सिंह धुरव,करीम खान,युवराज सिन्हा,छगन रात्रे,गैंद राम यादव,विनोद ठाकुर, श्रीमती गंगा धुव,श्रीमती सीता निषाद,बिसाहिन





विश्वकर्मा,दुकलहीन यादव, सूकारो यादव के उपस्थिति में नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी गण एवं स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया। नगरवासियों ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा,स्वच्छता एवं सद्भावना के संदेश को याद किया।उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा स्वच्छ एवं सुंदर नगर के निर्माण में सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान गांधीजी के जीवन,उनके विचारों एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया।इसके साथ ही स्वच्छता और सामाजिक एकता का संदेश देते हुए नागरिकों से नगर को स्वच्छ रखने की अपील की गई।कार्यक्रम में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि,अधिकारी–कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। संचालन पार्षद प्रतिनिधि कमलेश यदु व आभार प्रदर्शन कांग्रेस नेता करीम खान के द्वारा किया गया।

महात्मा गांधी की प्रतिमा को पुष्पाजंलि की गई अर्पित



मैनपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने नगर स्थित गांधी चौक पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। माल्यार्पण के पश्चात आयोजित सभा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने बापू के जीवन, उनके आदर्शों और देश की आजादी में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और शांति के सिद्धांत आज भी पूरे समाज और देश के लिए प्रासंगिक हैं। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, नेहाल नेताम, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद मेमन, तनवीर ठाकुर, इम्तियाज मेमन, डोमार साहू, लिकेश यादव, अजय, इमरान खान, मथुरा यादव, रानी, सुंतीबाई सहित बड़ी संख्या मे कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता के बताए पदचिहें और आदर्शों पर चलने तथा समाज में आपसी भाईचारे एवं सद्भाव को बढ़ावा देने का सामूहिक संकल्प लिया।

पितईबंद में स्वच्छता अभियान के साथ मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय पितईबंद परिसर में स्वच्छता अभियान व विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व वक्ताओं ने अपने उदबोधन में दोनों महान विभूतियों के विचारों एवं आदर्शों पर प्रकाश डाला। सरपंच गोदावरी सहदेव बंजारे ने कहा कि महात्मा गांधी जी का मानना था कि स्वच्छता ईश्वर की भक्ति के समान है। हम सभी को अपने आसपास की सफाई के प्रति जागरूक रहना चाहिए। लाल बहादुर शास्त्री जी का 'जय जवान, जय किसान' का नारा आज भी हमें आत्मनिर्भरता और समर्पण की प्रेरणा देता है। स्वच्छता को केवल एक दिन का अभियान न बनाकर दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। शिक्षक संतोष साहू ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन मूल्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने पहले थे। बच्चों में स्वच्छता के संस्कार गढ़ना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। जब बच्चे जागरूक होंगे, तभी एक स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव होगा। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेश बया ने कहा कि विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। ग्राम पंचायत, शाला प्रबंधन समिति और ग्रामीण जब मिलकर प्रयास करेंगे, तभी शिक्षा का वातावरण और अधिक प्रेरणादायी बनेगा। कार्यक्रम के दौरान शाला परिसर की साफ-सफाई की गई तथा उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपसरपंच शेखर बंजारे, पंचगण जगदीश यादव, टुकेश नागरची, परस बया, प्रभा बंजारे, रामहीन भारती, शांति यदु, परस बया,लक्ष्मी निषाद,बिहान समूह से आरती गिलहरे, अहिमन बंजारे, खेम बाई बंजारे, अंजना सोनवानी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दुर्गा बघेल, गेंदी भारती एवं राजेश बंजारे,बालकिन सोनवानी मुकेश सहित शाला के शिक्षक, विद्यार्थी व ग्रामीणजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



पेज 9 के शेष...

महात्मा गांधी और...

पार्षद प्रतिभा पटेल, विमला साहू, ममता फुलझले, पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष केशु सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल, मंडल अध्यक्ष भानु सिन्हा, गैंदलाल सिन्हा, मुकेश रामटेके, कादर हिंगोरा, नंदू गोस्वामी, लक्षण चक्रधारी, रितिक सिन्हा, अक्तूराम यादव, छगन यादव, ऐश्वर्य यदु, ढालसिंह साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महानदी किनारे...

मचा था। इनमें एक महिला का शव अर्धनग्न हालत में मिला था, जबकि दूसरा शव सड़ी-गली अवस्था में बरामद हुआ था। अब आरंग के चिखली में महानदी किनारे दो शव मिलने के बाद पुलिस के सामने उनकी पहचान और मौत के कारणों का पता लगाने की चुनौती है।

बालवाड़ी प्रशिक्षण...

कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं को बालवाड़ी में बच्चों की आयु एवं रुचि के अनुरूप शिक्षण गतिविधियों से परिचित कराना है। बीआरसी द्वारा विधायक का आभार व्यक्त करते हुए केन्द्र में बेहतर प्रशिक्षण व्यवस्था हेतु प्रांगण में टीन शेड एवं अहाता निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराया। प्रशिक्षक समीर समीर कशेर,विजय यादव,अश्विनी कुमार ने बताया इस प्रशिक्षण में भाषा विकास, प्रारंभिक गणितीय समझ,शारीरिक विकास,रचनात्मक गतिविधियां तथा बच्चों में सीखने की जिज्ञासा विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। शिक्षिका दिव्या रानी यादव ने सभी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी को अपने विद्यालय एवं बालवाड़ी केंन्द्रो में प्रभावी रूप से लागू करने के संकल्प से विधायक को अवगत कराया। **ये भी रहे उपस्थित**- इस अवसर पर फिंगेश्वर महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष राजू साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यदु,होरी लाल साहू,बबला नत्थानी,संकुल समन्वयक नरेश साहू,बालवाड़ी शिक्षक राकेश पांडे,प्रेम कुमारी साहू,श्यामा यादव,दिनेश्वरी साहू, श्याम कुमार यादव सिंधु श्रीवास, जितेंद्र गुप्ता,लक्षेंद्र साहू,लक्ष्मी ठाकुर, आराधना नाग,पुराणिक जगत,लता वर्मा,हेमलता साहू सहित कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

कोपरा में गांधी...

प्रतिमा लाकर जल्दबाजी में स्थापित कर दी गई। प्रतिमा स्थापित होने के बाद उसके स्वरूप को लेकर नगरवासियों ने सवाल उठाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिमा गांधी जी की वास्तविक छवि से मेल नहीं खाती है। इसको लेकर नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों के बीच तीखी बहस की स्थिति भी बनी। **जयंती पर प्रतिमा के बजाय छायाचित्र को किया नमन**- प्रतिमा को लेकर उपजे विवाद का असर गांधी जयंती पर भी देखने को मिला। 2 अक्टूबर को नगर के जनप्रतिनिधि, व्यापारी और गणमान्य नागरिक गांधी चौक पहुंचे, लेकिन नई प्रतिमा का अनावरण नहीं किया गया। लोगों ने गांधी जी का छायाचित्र रखकर माल्यार्पण किया और राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मांग पर फिर शुरू हुई नई प्रतिमा की कवायद- नगरवासियों की आपत्ति के बाद अब नई प्रतिमा बदलकर उपयुक्त एवं सर्वमान्य प्रतिमा स्थापित करने की कवायद शुरू हो गई है। संबंधित पक्ष द्वारा नगरवासियों को जल्द ही उपयुक्त प्रतिमा स्थापित करने का आश्वासन दिया गया है। फिलहाल गांधी प्रतिमा के स्वरूप को लेकर नगर पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों के बीच असहमति बनी हुई है। लोगों की मांग है कि गांधी चौक पर ऐसी प्रतिमा स्थापित की जाए, जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के वास्तविक स्वरूप के अनुरूप हो और जिसे लेकर किसी प्रकार का विवाद न रहे।

बाढ़ पीड़ितों को दी...

वर्मा एवं विधायक इंद्रकुमार पहुंचे। प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता प्रदान की गई। विपदा की इस घड़ी में नपा अध्यक्ष उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा स्थानीय पार्षद निर्मला धीरज साहू, जग्गू यादव, नम्मू ध्रुव, सचिन सचदेव एवं पूरे टीम ने लगातार पीड़ितों की सहायता की।

नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी ने कहा कि विधायक इंद्रकुमार साहू के निर्देश पर प्रभावित परिवारों को तत्काल 35 किलो चावल उपलब्ध कराया गया। प्रशासन द्वारा अब तक 1300 परिवार का मुआवजा के लिए सर्वे हो चुका है। सर्वे का कार्य चल ही रहा है। कहा कि भाजपा सरकार पर पूरा भरोसा है कि प्रभावित लोगो को अधिक से अधिक मुआवजा दिलाएंगे। विपदा एवं संकट के समय विपक्ष को भी आगे आकर सहयोग करना चाहिए। नपा अध्यक्ष ने कहा कि नवापारा नगर में बाढ़ पीड़ित परिवारों के सहयोग के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। नगर के जनता की सेवा के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

महतारी वंदन...

तस्वीर भी बदल सकती हैं। महतारी वंदन योजना के पैसों को जोड़कर मंदिर का निर्माण करवाना यह दर्शाता है कि हमारी माताओं-बहनों के संस्कार और धार्मिक भावनाएं कितनी उच्च हैं। विधायक रोहित साहू ने सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार की जमकर प्रशंसा की। कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य महतारी वंदन योजना के जरिए महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। सरकार की इस योजना की सफलता पर प्रकाश डालते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि आज प्रदेश की लाखों माताएं-बहनें इस योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं और छोटे-छोटे स्तर पर बड़े बदलाव ला रही हैं। शासन की योजनाएं बिना किसी रुकावट के सीधे पात्र हितग्राहियों के खातों में पहुंच रही हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताना-बाना मजबूत हो रहा है। कुटेना की महिलाओं ने साबित कर दिया है कि सरकारी सहायता सही हाथों में पड़ने पर किस प्रकार धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक समरसता के कार्यों में तब्दील हो सकती है। शिवशक्ति महिला स्वसहायता समूह की इस सराहनीय पहल से पूरे ग्राम कुटेना में उत्साह का माहौल है। महिलाओं का कहना है कि सरकार द्वारा दी जाने वाली इस राशि ने उनके सपनों को पंख दिए हैं और वे आगे भी ऐसे सामाजिक व धार्मिक कार्यों में अपना योगदान देती रहेंगी। विधायक से मुलाकात के अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, समूह की महिलाएं और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



साजापाली में कांग्रेस मंडल ने मनाई गांधी जयंती

मुड़ागांव (कोरासी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को घाटखाल्हे मंडल कांग्रेस के तत्वावधान में ग्राम साजापाली, विकासखंड छुरा, जिला गरियाबंद में गांधी जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष केवल कुमार साहू के नेतृत्व में किया गया।
कार्यक्रम का संचालन चित्रसेन डर्सेना ने किया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश को याद किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।
कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मन्नू राम चौहान, सरपंच हेमंत सेन, घनश्याम साहू, सत्रोहन सिन्हा, तिजू राम सिन्हा, गोलू चंद्राकर, भुवन लाल ध्रुव, यादराम नेताम, गोवर्धन ध्रुव, पूर्व सरपंच श्रीमती आशाबाई ध्रुव, हेमंत साहू, मनोहर बघेल, अर्जुन दीवान, ललित मनहरे, भानु ध्रुव, कोणाल यादव, राकेश यादव, पिंटू ध्रुव, डूबेन्द यादव, रंजीत ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गांधी-शास्त्री जयंती निकाली गई पदयात्रा

अभनपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर के तत्वावधान में सद्भावना कुटी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर धनेन्द्र साहू ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, स्वच्छता और नैतिक मूल्यों का संदेश देता है। वहीं लाल बहादुर शास्त्री सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के आदर्श प्रतीक हैं। उनका 'जय जवान, जय किसान' का संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने युवा पीढ़ी से दोनों महापुरुषों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सद्भावना कुटी से बस स्टैंड तक पैदल यात्रा निकाली और महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के विचारों तथा देशभक्ति के नारों के साथ उनके आदर्शों को याद किया।

निधन

परमेश्वर साहू

छुईहा बेलर। परमेश्वर साहू ग्राम परसठ्ठी निवासी का शुक्रवार को निधन हो गया।



वे रोजगार सहायक पद पर फिंगेश्वर में सेवारत थे। निज निवास से शव यात्रा निकाली गई, स्थानीय मुक्तिधाम में अंत्येष्टि की गई। वह जगदीश, चिंता,माखन चरण के भतीजे एंव आईओ तरूण साहू के भाई थे।

जयंती : फिंगेश्वर-ब्लॉक के ग्राम पंचायत जेंजरा में मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

गांधी के सत्य-अहिंसा और शास्त्री के ईमानदार नेतृत्व के रास्ते पर चलें कांग्रेस के कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर-राजिम द्वारा ग्राम पंचायत जेंजरा में श्रद्धा एवं संकल्प के साथ जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर-राजिम के अध्यक्ष रूपेश साहू के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

- कांग्रेसियों ने विचारों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गांधी जी ने सत्य, अहिंसा और जनशक्ति को लोकतांत्रिक संघर्ष का हथियार बनाया, वहीं शास्त्री जी ने सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया। ब्लॉक



कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा कि आज देश को गांधी जी के सत्य और अहिंसा तथा शास्त्री जी की सादगी और ईमानदारी के आदर्शों की सबसे अधिक जरूरत है। लोकतंत्र केवल सत्ता हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता के अधिकारों की रक्षा और उनकी आवाज को मजबूती से उठाने का संकल्प है। कांग्रेस कार्यकर्ता महापुरुषों के विचारों को लेकर जनता के बीच संघर्ष करने और जनहित के मुद्दों पर मजबूती से आवाज बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि गांधी और शास्त्री जैसे महापुरुषों की विरासत हमें यह सिखाती है कि राजनीति में पद से बड़ा सिद्धांत, सत्ता से बड़ा जनहित और व्यक्तिगत स्वार्थ से बड़ा राष्ट्रहित होता है। कांग्रेस कार्यकर्ता उनके विचारों को केवल स्मरण नहीं करेंगे, बल्कि सड़क से सदन तक जनता के हक और लोकतांत्रिक मूल्यों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे।कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्शों पर चलने, सामाजिक समरसता कायम रखने तथा जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जेंजरा के गणमान्य नागरिक एंव ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी,वरिष्ठ कांग्रेसजन,युवा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पीएमश्री हरिहर उत्कृष्ट स्कूल में राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री की मनाई गई जयंती

नवापारा-राजिम। 2 अक्टूबर शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर पीएमश्री हरिहर उत्कृष्ट स्कूल के गोल गार्डन में छाया चित्रों पर भावपूर्ण माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। यह गरिमामय कार्यक्रम प्राचार्य महेश राम नेताम, शिक्षक अश्वनी कुमार साहू एवं तोष राम ध्रुव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर



शालानायक द्रोण कुमार साहू हिंदी माध्यम, उप शाला नायक पुष्पेन्द्र देवांगन अंग्रेजी माध्यम, समस्त एनसीसी कैडेट्स, रेणुका देवांगन एवं राधे साहनी उपस्थित रहे। शाला नायक ने अपने ओजस्वी उदबोधन में दोनों महापुरुषों की सादगी, देशभक्ति एवं राष्ट्र के प्रति उनके आत्म-समर्पण को रेखांकित करते हुए उनके आदर्शों को दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

गांधी जयंती पर नहीं हो पाई ग्रामसभा, कोरम के अभाव में बैठक स्थगित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

ग्राम पंचायत लोहरसी भवन में शुक्रवार, 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उपस्थित लोगों ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और ग्राम स्वराज के विचारों को याद करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। गांधीजी का मानना था कि देश की वास्तविक शक्ति गांवों में बसती है। वे ग्रामीण स्वावलंबन, स्वच्छता और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाने के पक्षधर थे। उनके विचार आज भी ग्राम विकास और जनभागीदारी के लिए प्रेरणादायी हैं।

इसी अवसर पर ग्राम पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन भी रखा गया था। ग्राम सभा में विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं ग्रामीणों की सहभागिता प्रस्तावित थी। ग्रामीण ग्राम सभा में पहुंचे, लेकिन निर्धारित कोरम की पूर्ति नहीं होने के कारण ग्राम सभा की कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी और बैठक को स्थगित कर दिया गया। पूर्व सरपंच घनश्याम पटेल ने कहा कि ग्राम सभा गांव की लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें ग्रामीणों को पंचायत के कार्यों, योजनाओं और विकास से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखने का अवसर मिलता है। सरपंच लोमस साहू ने कहा गांव का विकास आपसी एकता और ग्रामीणों की सहभागिता से ही संभव है। उन्होंने स्थगित ग्राम सभा को लेकर ग्रामीणों से अपील करते हुए अगली ग्राम सभा में बड़ी संख्या में पहुंचकर गांव के विकास में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। ग्राम पंचायत सचिव ओमप्रकाश सिन्हा ने किया। इस दौरान, सरपंच लोमस साहू, उपसरपंच निलेश टंडन, पूर्व सरपंच घनश्याम पटेल, उरेन्द्र साहू पत्रकार, गोपी ध्रुव भाजपा मंडल अध्यक्ष कोपरा, सचिव ओमप्रकाश सिन्हा, पंच जागेश्वर साहू, नंदकुमार साहू, विक्रम साहू, नन्द कुमार यादव, रोहित साहू, मुकेश सेन, रोशन रात्रे, उमेंद राम साहू, देवेंद्र साहू, चुम्मन यादव, धर्मेंद्र साहू, ईश्वरी पटेल, सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बापू के सत्य अहिंसा के सिद्धांतों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ग्राम छुईहा के गांधी चौक में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों ने गांधी प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित कर बापू को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में भजन प्रस्तुत कर महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांतों को याद किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की

- ग्राम छुईहा में हर्षोल्लास से मनाई गई महात्मा गांधी जयंती
- गांधी चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बापू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



जयंती भी मनाई गई। उपस्थित लोगों ने देश के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। कांग्रेस मंडल अध्यक्ष शेखर साहू ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश के स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उनके आदर्श और विचार आज भी समाज एवं राष्ट्र के लिए प्रासंगिक हैं। कांग्रेस मीडिया प्रभारी शिवम सिन्हा ने कहा कि गांधीजी ने सत्य, अहिंसा और शांति के सिद्धांतों के माध्यम से पूरी दुनिया को नई सोच और दिशा प्रदान की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। महापुरुषों की जयंती समाज एवं राष्ट्रहित में निस्वार्थ सेवा करने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शेखर साहू, मंडल उपाध्यक्ष चेतन सिन्हा, अशोक निर्मलकर, मंडल कोषाध्यक्ष ईश्वरी साहू, मीडिया प्रभारी शिवम सिन्हा, बोड़की सेक्टर अध्यक्ष अमर सिंह दीवान, सेक्टर प्रभारी सजेश साहू, मंडल महामंत्री तारण दास मानिकपुरी, घनश्याम ध्रुव, मन्नू साहू, नरसिंह ध्रुव, ईश्वर सिन्हा, बुधरू यादव, कुंज लाल सिन्हा, लगन, भानु, रमेश सिन्हा, कन्हैया सिन्हा सहित कुलेश्वरी, नंदिनी, दुलारी, डोमेश्वरी, पूरानिक, निर्मला एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ने गांधी व शास्त्री की मनाई जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर नगर के गांधी चौक में दोनों महान विभूतियों के प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात पद यात्रा निकाली गई पदयात्रा में महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी अमर रहे के नारों के साथ निकाली गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामा यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए कहा कि महात्मा गांधी जी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। आज दुनिया के अनेक देशों में गांधी जी की विचारधारा गूंजती है अनेक देशों में गांधी जी की प्रतिमा है निश्चित ही भारत ही नहीं अपितु दुनिया के लिए गांधी भारत की आत्मा है और उनका सत्य और अहिंसा का मार्ग पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक है। उनके बताए मार्ग का अनुसरण आज पूरी दुनिया कर रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामा यादव, नपा के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, जिला महामंत्री सौरभ शर्मा, शिखर बाफना, चतुर जगत ,संध्या राव, दीपाली राजपूत, अजय साहू, अर्जुन साहू, रामरतन निषाद, हेमंत साहनी, फागू देवांगन, तरुण कंसारी, टिकेश्वर गिलहरे, अनूप खरे, रेखा तिवारी, सचिन बंगानी, सुरेन्द्र साहू, बल्लू देवांगन, राकेश सोनकर, बीरबल राजपूत, विजय तारक, संतु साहू, मितेश शाह ,राजा ठाकुर ,गुड्डू मिश्रा, वीरेन्द्र राजपूत, अनुभव जैन, सुनील शर्मा, भारत गोस्वामी, रामकुमार शर्मा, अभिजीत श्रीवास, विक्की साहू, अरुण साहू, निगम पटेल, शंकर साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।



राजिम विधायक कार्यालय में मनी महात्मा गांधी और पूर्व पीएम शास्त्री की जयंती

राजिम। विधायक रोहित साहू के निवास कार्यालय में 2 अक्टूबर शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती अत्यंत श्रद्धा और उल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने दोनों महान विभूतियों के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया विधायक रोहित साहू ने बापू के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों तथा शास्त्री जी के ओजस्वी नारे जय जवान, जय किसान के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाने के साथ-साथ स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता का जो संदेश दिया, वह आज के दौर में भी उतना ही प्रासंगिक है। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री जी का सादगीपूर्ण जीवन, उनकी ईमानदारी और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत है। इस कार्यक्रम के दौरान राजिम क्षेत्र के कई वरिष्ठ नेता, स्थानीय जनप्रतिनिधि, युवा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

मुढीपानी ,दादरगाव नया, फूलबाहरा में किया गया सेवा संकल्प कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज ग्राम मुढ़ीपानी, दादरगांव (नया) एवं फुलबाहरा के आंगनबाड़ी केंद्रों में "आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन दीदियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में देवेश ठाकुर, अध्यक्ष भाजपा मंडल मलेवांचल, हेमलता ध्रुव सरपंच दादरगांव (नया), लता नागेश सरपंच मुढ़ीपानी, सीमा गुप्ता उपसरपंच, थानेश्वर कंवर, कृष्णा गुप्ता ,दयाराम नागेश, जानूराम दीवान, चंदर सिंह कंवर, पुनीत ध्रुव, यशवंत ध्रुव, गोकुल ध्रुव सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गोदभराई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें गर्भवती माताओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन दीदी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता दयाराम नागेश ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उनके विकास एवं पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सरपंच हेमलता ध्रुव ने कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेकर बच्चों को कुपोषण से बचाने की दिशा में सामूहिक प्रयास किया जाना चाहिए। भाजपा मंडल मलेवांचल अध्यक्ष देवेश ठाकुर ने कहा कि आंगनबाड़ी केवल एक भवन नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कार का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ स्वास्थ्य, पोषण एवं संस्कार की सीख मिलती है।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों, बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक सहभागिता का आह्वान किया गया।कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत मुढ़ीपानी की सरपंच लता नागेश ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन दीदियों, शिक्षकों एवं उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।



खबर संक्षेप

गांधी जयंती पर बिजली में किया गया पौधारोपण



छुईहा बेलर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर ग्राम बिजली में मुनगा के पौधों का रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पौधे रोपे। कार्यक्रम में सरपंच पदमा मोती निषाद,पूर्व सरपंच मोती राम निषाद, आर. वर्मा कृषि विभाग ,देवेन्द्र सिंह उद्यानिकी विभाग , सचिव हेमकुमार पटेल, टिकेश साहू, पूर्व सरपंच सिर्री खुर्द मोहन निषाद, सुंदर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। इस दौरान सरपंच ने कहा कि गांधी जी के स्वच्छता और हरियाली के सपने को साकार करने के लिए सभी को एक-एक पेड़ लगाना चाहिए।

कोपरा स्कूल का स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में चयन



कोपरा। नगर पंचायत कोपरा स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल का स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में चयन होने पर शाला प्रबंधन विकास समिति ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के प्रति आभार जताया। समिति के सदस्यों ने कहा कि विद्यालय के उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में चयन से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष दिनेश साहू, एल्डरमेन झम्मन साहू, पुष्कर साहू, राजेश साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक फिरंगी पटेल, कृष्ण कुमार यदु, गोवर्धन साहू, नीरज साहू एवं शैलेंद्र साहू सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

मांडव्य ऋषि आश्रम परिसर में किया श्रमदान



छुईहा बेलर। ग्राम पंचायत बिजली के तत्वावधान में सेवा संकल्प के तहत स्वच्छता पखवाड़ा एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत ऐतिहासिक मांडव्य ऋषि आश्रम में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। आयोजित कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, वन विभाग के कर्मचारियों, स्वच्छता कर्मियों एवं ग्रामीणों ने आश्रम परिसर, मंदिर प्रांगण और आसपास फैले कचरे की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान 'सेवा संकल्प अभियान' के बैनर तले सभी ने स्वच्छता की शपथ भी ली। ग्राम पंचायत ने बताया कि गांधी जयंती तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गांव के सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों और धार्मिक स्थलों में लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सरपंच बिजली पद्मा निषाद, सरपंच प्रतिनिधि मोती निषाद, वन विभाग की सहयोग से सम्पन्न हुए।

कार्यक्रम : कौंदकेरा में सीआरपीएफ की 211वीं बटालियन ने लगाए 90 पौधे

'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के साथ स्वच्छता ही सेवा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर/कोपरा





'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026' के अंतर्गत केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 211वीं बटालियन द्वारा 2 अक्टूबर को ग्राम कौंदकेरा में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंडित मिलऊंदास कोसरिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सीआरपीएफ ने 90 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. विनोद कुमार टंडन, द्वितीय कमान अधिकारी एवं कमाण्डेंट इनचार्ज, 211वीं बटालियन ने किया।

- ग्रामीणों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम कौंदकेरा में स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ स्वच्छता शपथ लेकर की गई। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। 211वीं बटालियन के 40 से अधिक जवानों एवं अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया। कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों सहित 100 से अधिक लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कौंदकेरा की सरपंच राधिका मनोज यादव, जनपद सदस्य चंद्रिका कुर्रे, रोजगार सहायक चमेली साहू, पंचायत सचिव, राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी, ग्राम विकास समिति के उपाध्यक्ष सनत कुमार चेलक, थनेश्वर बंजारे, नरेंद्र रात्रे, किरण टंडन, कामता परमार, सुमित बघेल, पूर्व सरपंच तुलस साहू, गिरधारी साहू, मोहन कंवर, वेद प्रकाश साहू, तुलस रात्रे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उप कमाण्डेंट इकबाल अहमद एवं उप कमाण्डेंट गुलशन शर्मा सहित 211वीं बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

डॉ. विनोद ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यक्रम के समापन अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. विनोद कुमार टंडन ने कहा कि स्वच्छता केवल सार्वजनिक स्थानों की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छ पर्यावरण भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। अपने आसपास गंदगी न फैलाने, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़ने और अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर एवं स्वच्छ वातावरण तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि "स्वच्छ रहें, स्वस्थ रहें और प्रतिदिन मिलकर स्वच्छता में सहभाग करें।" कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक कर्मियों तथा सीआरपीएफ के जवानों एवं अधिकारियों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन में अपनाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम ने ग्रामीणों में स्वच्छता, पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया।

17 सितंबर से चल रहा था अभियान

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर 2026 से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही थीं, जिसका समापन 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता, पौधारोपण और जनभागीदारी के संदेश के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

कलेक्टोरेट परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि



गरियाबंद। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कलेक्टोरेट परिसर में उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और मानवता के मार्ग पर चलते हुए पूरी दुनिया को शांति और सद्भाव का संदेश दिया। उनके विचारों में समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण और आत्मनिर्भर भारत की भावना निहित थी। उनका जीवन हमें सत्य के मार्ग पर अडिग रहते हुए समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर, पंकज डाहिरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करण उइके, एसडीएम हितेश्वरी बाघे, जिलाध्यक्ष भाजपा अनिल चंद्राकर सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



सुरसाबांधा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मनाई गई जयंती

राजिम। 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के जयंती पर ग्राम पंचयात भवन सुरसाबांधा एवं ग्राम के हृदय स्थल गांधी चौक में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पूजा एवं पुष्प माला के साथ उसकी जयंती मनायी गयी। जिसमें ग्राम के सरपंच घनश्याम साहू, उप सरपंच सितेश्वरी वर्मा, पंच जगदेव साहू, चंद्रहास साहू, गंगा साहू,पंचयात सचिव धर्मप्रकाश साहू, ग्रामीण ग्रामसभा अध्यक्ष कौशल साहू, कोषाध्यक्ष चम्पू साहू, लोकेश वर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा, रामाधार साहू, गोवर्धन पटेल, गंगा साहू,गज्जू साहू, लीला साहू, लीलाराम ध्रुव, मोनू वर्मा मौजूद थे।

सरपंच ने स्कूल का किया निरीक्षण कहा- मांगों को लेकर करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



विकासखण्ड क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल ग्राम पंचायत डुमाघाट के युवा सरपंच यशवंत मरकाम ने ग्राम काण्डर मिडिल स्कूल का निरीक्षण किया। साथ ही पंचायत क्षेत्र के कई स्कूलों का निरीक्षण कर छात्र छात्राओं से पढ़ाई लिखाई के संबंध मे जानकारी ली। कई स्कूल भवन बेहद जर्जर हो गए हैं, स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक नहीं है। इस समस्या से कई बार अवगत कराने के बाद भी शिक्षा विभाग द्वारा समाधान नहीं किया जा रहा है, जिससे मजबूरन अब ग्रामीण छात्र छात्राएं और पंचायत प्रतिनिधियो ने आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। ग्राम पंचायत डुमाघाट के सरपंच ने बताया कि माध्यमिक शाला काण्डसर के निरीक्षण के दौरान पालकों और ग्रामीणों ने बताया यहां शिक्षक की बेहद कमी है। इस संबंध मे उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक शिक्षक की व्यवस्था नहीं हो पाई है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। सरपंच ने बताया उच्चाधिकारी को लिखित में अवगत किया गया है पर यहाँ कोई शिक्षक नहीं है। कई बार विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मैनपुर मे भी लिखित में आवेदन दिया गया। उसके बाद फरसरा माध्यमिक शाला के एक शिक्षक को आदेश किया गया था लेकिन फिर उन्हे फरसरा वापस कर दिया गया। इसी तरह प्राथमिक शाला के शिक्षक को कुछ दिन आदेश उसके बाद उस शिक्षक का हुआ प्रमोशन प्रधान पाठक उसके बाद उच्च अधिकारी को लिखित में देने के बाद भी अब तक शिक्षक व्यवस्था नहीं की है। निर्णय लिया गया है कि अब बच्चे पालक और सरपंच पंच स्कूल को ताला लगाकर आंदोलन करेंगे। जिसकी सारी जवाबदारी शिक्षा विभाग की होगी। वनांचल में कहीं शिक्षक नहीं तो कही बिल्डिंग नहीं आंगनबाड़ी भवन केंद्र जर्जर है प्राथमिक शाला डूमाघाट में स्कूल जर्जर बैठने योग्य नहीं आज पंचायत भवन में स्कूल चलाना पड़ रहा।

स्कूल की हालत जर्जर, शिक्षकों की बनी हुई है कमी

दादरझोरी में शिव मंदिर, तालाब की साफ-सफाई...



नवापारा-राजिम। ग्राम पंचायत दादरझोरी में सेवा संकल्प अभियान के तहत शिव मंदिर तालाब का साफ सफाई की गई। इस दौरान ग्रामवासी मौजूद थे।

परसदा में महात्मा गांधी और शास्त्री की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



ग्राम परसदा में शुक्रवार 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में विशेष ग्राम सभा शासन के निर्देशानुसार रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से सरपंच रमेश वर्मा, भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष टीकू यादव, सचिव पंचायत रामचंद तारक, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष संतराम बारले, रामजी खिलवारे, तेजराम साहू, उपस्थित हुए। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र में पूजा अर्चना कर श्री फल तोड़ा गया। गांधी जी के जीवन के बारे में बताते हुए टीकू यादव ने कहा कि संविधान के अनुसार चार विशेष ग्राम सभा का आयोजन प्रतिवर्ष होता है जिसमें 2 अक्टूबर का दिन का विशेष महत्व है। इस दौरान ग्राम सभा का आयोजन कर शासन के निर्देश के अनुसार पंचायत परिसर में पेड़ लगाया गया । हर घर मुनगा घर-घर मुनगा के तहत पंचायत भवन में मुनगा का पौधारोपण किया गया। वीबीजीरामजी मनरेगा के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थितजनो को दिया गया। अब रोजगार 100 दिन का नहीं पूरे 125 दिन का 15 दिन के भीतर डीपीटी के माध्यम से मजदूर के खाता में पैसा का ट्रांसफर, काम न मिलने पर मजदूरी भत्ता का प्रावधान भी रखा गया है।

आंबा केंद्र क्रमांक 108 में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



दो बच्चों का मनाया गया जन्मदिन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गायत्री मंदिर के पीछे स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 108 में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों एवं हितग्राहियों की सहभागिता रही। इस दौरान गर्भवती माता की गोदभराई के साथ दो बच्चों का जन्मदिन भी उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन ने उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को संबोधित करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों को दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में आंगनबाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका बताई। इस अवसर पर उनके द्वारा बच्चों एवं हितग्राहियों को मिठाई, चॉकलेट एवं बिस्किट का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रीखीराम यादव ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं, बच्चों एवं परिवारों के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। वहीं कार्यक्रम के सह अतिथि मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने भी उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। आंगन मिलन कार्यक्रम के दौरान गर्भवती माता की गोदभराई की रस्म उत्साहपूर्वक संपन्न कराई गई। जनसहभागिता के अंतर्गत श्रीमती मंजरी गुप्ता द्वारा गर्भवती माता को गोदभराई की सामग्री भेंट की गई। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में दो बच्चों का जन्मदिन भी मनाया गया। बच्चों को जन्मदिन के अवसर पर उपहार भेंट किए गए, जिससे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन दीदी को उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा उन्हें शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण तथा शासन की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में उनके योगदान की सराहना की गई।

ये रहे उपस्थित- कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती बिंदु सिन्हा, पार्षद श्रीमती पुष्पा साहू, श्रीमती रेणुका साहू, श्रीमती मधु देवांगन, अतिथि श्रीमती रूबी देवदास, महिला मोर्चा गरियाबंद मंडल महामंत्री श्रीमती मंजरी गुप्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कचरा साहू, सहायिका सुरुचि पटेल, मितानिन पुष्पा तिवारी एवं ज्योति सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

ज्ञान के दीप से आलोकित हुआ संकुल,108 शिक्षकों की साधना को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

जब गुरु की महिमा का गुणगान हो और शिष्य नत-मस्तक होकर उनके चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित करें, तो वह दृश्य किसी तीर्थ से कम नहीं होता। कुछ ऐसा ही अलौकिक दृश्य आज संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में देखने को मिला इस पुण्य अवसर पर शिक्षा रूपी यज्ञ में अपनी आहूति देने वाले 108 ज्ञान-दीपों का अभिनंदन किया गया शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में जिला शिक्षाअधिकारी राजेश चंद्राकर जिला गरियाबंद का मार्गदर्शन, विशिष्ट अतिथि शिवेशशुक्ला जिला मिशन समन्वयक समग्र गरियाबंद के नेतृत्व, विशिष्ट अतिथि हेमंत साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर के सानिध्य एवं संकुल प्राचार्य एम आर रात्रे के अध्यक्षता में, प्राचार्य के आर निषाद जामगांव, संकुल समन्वयक नरेश साहू की उपस्थिति में कार्यक्रम अविस्मरणीय रहा। अतिथियों द्वारा मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। शिक्षिका भोजलता सेन एवं अंतेश्वरी निराला द्वारा प्रस्तुत वीणावादिनी की वंदना से सम्पूर्ण परिसर भक्तिमय हो उठा। विशेष अतिथि शिवेश शुक्ला अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा, शिक्षक एक दीया नहीं, बल्कि एक पूरा सूर्य है, जो स्वयं जलकर सम्पूर्ण समाज को प्रकाशित करता है अध्यापक एक युग निर्माता है और छात्र राष्ट्र के भाग्य विधाता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू ने उद्बोधन में कहा, शिक्षकीय जीवन केवल पेशा नहीं बल्कि एक महान सेवा है प्रगतिशील समाज का आधार स्तंभ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य एम आर रात्रे ने कहा कि शिक्षक बालकों के हृदय में ज्ञान के साथ-साथ संस्कारों का बीजारोपण भी करें। संकुल प्रभारी नरेश साहू ने सभी अधिकारियों एवं गुरुजनों का आभार व्यक्त किया अतिथियों में सुखेंद्र साहू संकुल समन्वयक किरवई, दिनेश सोनी संकुल समन्वयक बोरिद, किरण साहू संकुल समन्वयक बकली, दुलेश्वर साहू संकुल समन्वयक लोहरसी, पुरानिक ध्रुव संकुल समन्वयक सेंदर, गिरवर यादव संकुल समन्वयक छूइहा, आशीष सेन संकुल समन्वयक जेंजरा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दुष्यंत कुमार वर्मा ने किया। शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 108 शिक्षकों को उनके त्याग, समर्पण उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, और नवाचारी शिक्षण के लिए प्रशस्ति-पत्र, शाल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

- अध्यापक एक युग निर्माता है और छात्र राष्ट्र के भाग्य विधाता : शुक्ला

इनका हुआ सम्मान



सम्मानित होने वाले गुरुजनों में प्राचार्य एम आर रात्रे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा, प्राचार्य तारण साहू एवं संचालक के साहू निम्स अंग्रेजी माध्यम हाई स्कूल बहेरापाल, प्राचार्य ओमप्रकाश शर्मा सरस्वती शिशु मंदिर कौन्दकेरा, प्राचार्य पी आर साहू एवं संचालक कमल नारायण एक्टिव किड्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल कौन्दकेरा, गालेश्वर धनगढ प्राचार्य न्यू गलैक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल रोहिना अनेश्वरी निराला प्रधानपाठक, शोभाराम साहू प्रधान पाठक, रेखा साहू प्रधान पाठक, भगवंतीन मण्डल प्रधान पाठक, उमेंद्रीराम ध्रुव प्रधान पाठक, तोरण साहू प्रधानपाठक, दीनूराम यदु व्याख्याता, के के सिंहा व्याख्याता, सतीशकुमार मालवीय व्याख्याता, श्रीमती एकता डूबे व्याख्याता, दुष्यंतकुमार वर्मा व्याख्याता, मोहनगोयल व्याख्याता, हरिश्चंद्र निषाद व्यायाम शिक्षक, परमेश्वर निषाद, रितेश पटेल, कृष्ण कंसारी, खेलन यदु, मीरा साहू, कल्पना सेन, बिमलेश निषाद, दमयन्तीन यादव, भोजलता सेन, अम्बेश्वरी साहू दुर्गा साहू, रेखा सोनवानी, नीता धिदौड़े, भारती निषाद,शांति साहू, लक्ष्मीन साहू, रेखा राजपुत, देविका वर्मा, रामाधार ध्रुव, निखिल विजय साहू, फगनलाल मतावले, कृष्णकुमार कंवर, ओमप्रकाश कोसले, टुकेश्वर सिंह, संजय कुमार वर्मा, डुमेश्वर देवांगान, राजेशकुमार ध्रुव, एस कुमार निषाद, भेदुदास मानिकपुरी, ईश्वर सेन, संतोष साहू, यशकुमार साहू दिवाकर साहू, गणिता साहू, श्यामा निषाद लेखा यादव, तारिणी साहू क्षमा साहू, लीला साहू, धनेश्वरी साहू कीर्ति साहू, ओमेश्वरी साहू, सत्या ओगरे, गीतांजलि भोसले, हेमलता साहू, नेहा साहू, वंदना साहू, गुंजा यादव, चंदा यादव देवानंद साहू, रामेश्वर यादव, दशरथ साहू, छजेश ध्रुव, मनोज साहू हितेश साहू, हेमंत साहू, उर्मिला साहू, उषा साहू, दिशा साहू, बुंदेश्वरी साहू, मीनाक्षी साहू गीतांजलि साहू, नीता निषाद, कौशल्या साहू, पार्वती साहू, प्रिया साहू, अन्नु साहू, अंकिता पटेल, महेश्वरी साहू, वीणा साहू नंदनी साहू, कुसुम साहू, मीरा साहू, मोहन लाल धिदौडे, डेकेश्वरी साहू, टिकेश्वरी साहू, रीना वर्मा, ममता, प्रीति यादव, इन्द्राणी वर्मा, नीलम पटेल आदि गुरुजनों को सम्मानित किया गया।

